# *संस्कृति मंत्रालय*

## मांग संख्या 20

## संस्कृति मंत्रालय

क. वसूलियों को घटाने के बाद बजट आवंटन इस प्रकार हैं :

*(करोड़ रुपए)*

| | | बजट 2004-2005 | | | संशोधित 2004-2005 | | | बजट 2005-2006 | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | मुख्य शीर्ष | आयोजना | आयोजना-भिन्न | जोड़ | आयोजना | आयोजना-भिन्न | जोड़ | आयोजना | आयोजना-भिन्न | जोड़ |
| राजस्व | | 354.50 | 312.83 | 667.33 | 290.50 | 309.00 | 599.50 | 489.32 | 314.15 | 803.47 |
| *पूंजी* | | *45.50* | *...* | *45.50* | *45.50* | *...* | *45.50* | *61.80* | *...* | *61.80* |
| **जोड़** | | **400.00** | **312.83** | **712.83** | **336.00** | **309.00** | **645.00** | **551.12** | **314.15** | **865.27** |
| 1. सचिवालय-सामाजिक सेवाएं | 2251 | 5.95 | 10.00 | 15.95 | 2.67 | 10.50 | 13.17 | 4.00 | 11.00 | 15.00 |
| **कला और संस्कृति** | | | | | | | | | | |
| **कला और संस्कृति का संवर्धन** | | | | | | | | | | |
| 2. क्षेत्रीय सांस्कृतिक केन्द्र | 2205 | 20.00 | ... | 20.00 | 19.00 | ... | 19.00 | 30.00 | ... | 30.00 |
| 3. संगीत नाटक अकादमी | 2205 | 8.75 | 4.70 | 13.45 | 7.00 | 4.70 | 11.70 | 10.00 | 4.85 | 14.85 |
| 4. ललित कला अकादमी | 2205 | 4.50 | 3.75 | 8.25 | 4.55 | 3.00 | 7.55 | 5.30 | 3.00 | 8.30 |
| 5. साहित्य अकादमी | 2205 | 6.50 | 3.35 | 9.85 | 6.00 | 3.35 | 9.35 | 9.28 | 3.40 | 12.68 |
| 6. भारत महोत्सव | 2205 | ... | 1.30 | 1.30 | ... | 0.50 | 0.50 | ... | 0.75 | 0.75 |
| 7. इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय कला केन्द्र | 2205 | 0.40 | 0.01 | 0.41 | 0.40 | 0.01 | 0.41 | 0.50 | 0.01 | 0.51 |
| 8. राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय | 2205 | 8.00 | 3.65 | 11.65 | 7.15 | 3.65 | 10.80 | 10.00 | 3.70 | 13.70 |
| 9. राष्ट्रीय आधुनिक कला वीथि | 2205 | 4.00 | 1.25 | 5.25 | 3.74 | 1.28 | 5.02 | 4.00 | 1.35 | 5.35 |
| 10. एशियाटिक सोसायटी, कोलकाता | 2205 | 2.00 | 3.90 | 5.90 | 1.50 | 4.15 | 5.65 | 2.80 | 4.00 | 6.80 |
| 11. सांस्कृतिक संसाधन एवम् प्रशिक्षण केन्द्र | 2205 | 5.30 | 1.80 | 7.10 | 4.90 | 1.62 | 6.52 | 6.00 | 1.90 | 7.90 |
| 12. नृत्य, नाटक और नाट्यशाला केन्द्र | 2205 | 8.00 | 1.10 | 9.10 | 8.80 | 1.10 | 9.90 | 9.90 | 1.20 | 11.10 |
| 13. गांधी शान्ति पुरस्कार | 2205 | ... | 1.30 | 1.30 | ... | 1.30 | 1.30 | ... | 1.30 | 1.30 |
| 14. राष्ट्रीय संस्कृति कोष | 2205 | 3.00 | ... | 3.00 | 0.10 | ... | 0.10 | 2.00 | ... | 2.00 |
| 15. महावीर जन्म कल्याणक का 2600वां वर्ष समारोह | 2205 | ... | 1.00 | 1.00 | ... | 1.00 | 1.00 | ... | ... | ... |
| 16. लोकनायक जयप्रकाश नारायण का जन्म शताब्दी समारोह | 2205 | ... | 0.01 | 0.01 | ... | 2.76 | 2.76 | ... | ... | ... |
| 17. लाल बहादुर शास्त्री का जन्म शताब्दी समारोह | 2205 | ... | 1.00 | 1.00 | ... | 1.00 | 1.00 | ... | 0.01 | 0.01 |
| 18. अन्य | 2205 | 45.31 | 22.61 | 67.92 | 35.02 | 24.13 | 59.15 | 103.72 | 23.26 | 126.98 |
| **जोड़-कला और संस्कृति का संवर्धन,** | | **115.76** | **50.73** | **166.49** | **98.16** | **53.55** | **151.71** | **193.50** | **48.73** | **242.23** |
| **पुरातत्व, अभिलेखागार और संग्रहालय** | | | | | | | | | | |
| 19. भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण | 2205 | 70.00 | 169.30 | 239.30 | 58.00 | 164.30 | 222.30 | 80.00 | 170.00 | 250.00 |
| | 3601 | ... | 1.00 | 1.00 | ... | 1.00 | 1.00 | ... | 1.00 | 1.00 |
| | *जोड़* | *70.00* | *170.30* | *240.30* | *58.00* | *165.30* | *223.30* | *80.00* | *171.00* | *251.00* |
| 20. भारतीय राष्ट्रीय अभिलेखागार | 2205 | 2.40 | 8.70 | 11.10 | 1.40 | 8.70 | 10.10 | 2.93 | 9.00 | 11.93 |
| | 3601 | 0.60 | ... | 0.60 | 0.60 | ... | 0.60 | 0.60 | ... | 0.60 |
| | 3602 | ... | ... | ... | ... | ... | ... | 0.11 | ... | 0.11 |
| | *जोड़* | *3.00* | *8.70* | *11.70* | *2.00* | *8.70* | *10.70* | *3.64* | *9.00* | *12.64* |
| 21. राष्ट्रीय संग्रहालय | 2205 | 8.00 | 7.70 | 15.70 | 8.00 | 7.74 | 15.74 | 17.00 | 8.04 | 25.04 |
| 22. राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय परिषद | 2205 | 12.00 | 14.00 | 26.00 | 11.00 | 13.00 | 24.00 | 16.00 | 14.00 | 30.00 |
| 23. विज्ञान नगर | 2205 | 21.00 | ... | 21.00 | 14.00 | ... | 14.00 | 20.00 | ... | 20.00 |
| 24. भारतीय मानव विज्ञान सर्वेक्षण | 2205 | 3.25 | 9.85 | 13.10 | 4.85 | 10.35 | 15.20 | 5.57 | 10.00 | 15.57 |
| 25. नेहरू स्मारक संग्रहालय और पुस्तकालय, नई दिल्ली | 2205 | 2.60 | 4.86 | 7.46 | 2.30 | 4.84 | 7.14 | 2.60 | 5.00 | 7.60 |
| 26. भारतीय संग्रहालय, कोलकाता | 2205 | 5.00 | 3.75 | 8.75 | 5.00 | 3.75 | 8.75 | 6.50 | 3.75 | 10.25 |
| 27. सालार जंग संग्रहालय, हैदराबाद | 2205 | 5.00 | 4.00 | 9.00 | 4.80 | 4.00 | 8.80 | 4.80 | 4.00 | 8.80 |
| 28. इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय, भोपाल | 2205 | 3.60 | 1.55 | 5.15 | 3.00 | 1.55 | 4.55 | 4.00 | 1.60 | 5.60 |
| 29. अन्य कार्यक्रम | 2205 | 13.51 | 4.72 | 18.23 | 12.41 | 4.72 | 17.13 | 16.66 | 4.97 | 21.63 |
| **जोड़-पुरातत्व, अभिलेखागार और संग्रहालय** | | **146.96** | **229.43** | **376.39** | **125.36** | **223.95** | **349.31** | **176.77** | **231.36** | **408.13** |
| **पुस्तकालय** | | | | | | | | | | |
| 30. राष्ट्रीय पुस्तकालय, कोलकाता | 2205 | 6.00 | 11.00 | 17.00 | 4.00 | 11.00 | 15.00 | 8.60 | 11.20 | 19.80 |
| 31. दिल्ली पब्लिक लाइब्रेरी | 2205 | 3.00 | 6.10 | 9.10 | 1.50 | 5.00 | 6.50 | 3.30 | 6.00 | 9.30 |
| 32. राजा राम मोहन राय लाइब्रेरी | 2205 | 10.00 | 1.50 | 11.50 | 10.00 | 1.50 | 11.50 | 21.00 | 1.60 | 22.60 |

(करोड़ रुपए)

| | मुख्य शीर्ष | बजट 2004-2005 | | | संशोधित 2004-2005 | | | बजट 2005-2006 | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | आयोजना | आयोजना-भिन्न | जोड़ | आयोजना | आयोजना-भिन्न | जोड़ | आयोजना | आयोजना-भिन्न | जोड़ |
| 33. अन्य पुस्तकालय | 2205 | 30.78 | 3.47 | 34.25 | 14.71 | 3.20 | 17.91 | 25.85 | 3.66 | 29.51 |
| | 3601 | 0.60 | 0.60 | 1.20 | 0.50 | 0.30 | 0.80 | 1.19 | 0.60 | 1.79 |
| | *जोड़* | *31.38* | *4.07* | *35.45* | *15.21* | *3.50* | *18.71* | *27.04* | *4.26* | *31.30* |
| **जोड़-पुस्तकालय** | | **50.38** | **22.67** | **73.05** | **30.71** | **21.00** | **51.71** | **59.94** | **23.06** | **83.00** |
| **पूर्वोत्तर क्षेत्र** | | | | | | | | | | |
| 34. पूर्वोत्तर क्षेत्र और सिक्किम की परियोजना/योजनाओं के लिए एकमुश्त प्रावधान | 2552 | 35.45 | ... | 35.45 | 33.60 | ... | 33.60 | 55.11 | ... | 55.11 |
| 35. संस्कृति विभाग द्वारा संबद्ध/अधीनस्थ कार्यालयों की परियोजनाओं का निर्माण | 4202 | 45.50 | ... | 45.50 | 45.50 | ... | 45.50 | 61.80 | ... | 61.80 |
| **जोड़-कला और संस्कृति** | | | | | | | | | | |
| ***कुल जोड़*** | | **394.05** | **302.83** | **696.88** | **333.33** | **298.50** | **631.83** | **547.12** | **303.15** | **850.27** |
| | | ***400.00*** | ***312.83*** | ***712.83*** | ***336.00*** | ***309.00*** | ***645.00*** | ***551.12*** | ***314.15*** | ***865.27*** |

| **ग. आयोजना परिव्यय*-** | विकास शीर्ष | बजट समर्थन | आं.ब.बा.सं. | जोड़ | बजट समर्थन | आं.ब.बा.सं | जोड़ | बजट समर्थन | आं.ब.बा.सं. | जोड़ |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. कला और संस्कृति | 22205 | 358.60 | ... | 358.60 | 299.73 | ... | 299.73 | 492.01 | ... | 492.01 |
| 2. सचिवालय-सामाजिक सेवाएं | 22251 | 5.95 | ... | 5.95 | 2.67 | ... | 2.67 | 4.00 | ... | 4.00 |
| 3. पूर्वोत्तर क्षेत्र | 22552 | 35.45 | ... | 35.45 | 33.60 | ... | 33.60 | 55.11 | ... | 55.11 |
| | **Total** | **400.00** | **...** | **400.00** | **336.00** | **...** | **336.00** | **551.12** | **...** | **551.12** |

**1. सचिवालय सामाजिक सेवा :** इसमें इस मंत्रालय के सचिवालय पर व्यय का प्रावधान है।

**केन्द्रीय सचिवालय ग्रन्थागार (सी एस एल)** में मुद्रित रूप में 6 लाख से अधिक ग्रन्थ हैं और यह सरकारी कार्मिकों, अकादमियों, शोधकर्त्ताओं तथा वास्तविक पाठकों की आवश्यकताओं की पूर्ति करता है। इसके अलावा, इसमें गैर-मुद्रित रूप में एक लाख से अधिक प्रलेख हैं। शास्त्री भवन स्थित मुख्य शाखा के अलावा, इसकी दो अलग-अलग शाखाएं है नामतः बहावलपुर हाउस में क्षेत्रीय भाषा प्रलेखों के लिए तुलसी सदन पुस्तकालय और आर. के. पुरम पुस्तकालय जो पाठ्य पुस्तकों के संबंध में सरकारी कार्मिकों के बच्चों की आवश्यकताओं की पूर्ति करता है। सी एस एल ने अपने मुद्रित संग्रह के लिए मशीन पठनीय तालिका विकसित करने का विशेष कार्य सम्पन्न किया है। यह भारत के राजपत्र तथा आयोग और समिति की रिपोर्टों, जिनके लगभग 40 लाख पृष्ठ हैं, के डिजीटीकरण के दो महत्वपूर्ण और बड़े कार्य करने का काम भी कर रहा है। सी एस एल अपनी सभी सेवाओं को एन आई सी के माध्यम से वेब साइट पर डालने का काम कर रहा है जिसमें ओ पी ए सी, सी एस एल प्रकाशनों के साथ-साथ राजपत्र प्रलेखों, आयोग तथा समिति रिपोर्टों के सम्पूर्ण पाठ, विभिन्न मंत्रालयों तथा विभागों से निकलने वाले इलेक्ट्रॉनिक प्रकाशनों के अनुबंध शामिल हैं। यह भारत सरकार के पुस्तकालयों के लिए पोर्टल का कार्य भी करेगा।

**2. क्षेत्रीय सांस्कृतिक केन्द्र :** क्षेत्रीय सांस्कृतिक केन्द्रों की परिकल्पना सांस्कृतिक संबंधों, जो क्षेत्रीय सीमाओं से आगे फैल गए हैं, के प्रसार के उद्देश्य से की गई है। इस अवधारणा का उद्देश्य स्थानीय संस्कृतियों की जागरूकता पैदा करना तथा उसे और बढ़ाना और साथ ही यह दर्शाना है कि ये किस तरह क्षेत्रीय पहचान में और अन्ततः भारत की सामासिक संस्कृति की समृद्ध विविधता में मिल जाती हैं। इन केन्द्रों ने पहले ही स्वयं को समग्र देश में संस्कृति के संवर्धन, परिरक्षण और प्रसार के क्षेत्र में एक प्रमुख एजेंसी के रूप में स्थापित कर लिया हैं। प्रदर्शनकारी कलाओं के संवर्धन के अलावा, ये साहित्यिक तथा दृश्य कलाओं के सम्बद्ध क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं।

इस स्कीम के तहत स्थापित सात क्षेत्रीय सांस्कृतिक केन्द्र हैं :- (i) उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र, पटियाला; (ii) पूर्वी क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र, कोलकाता; (iii) दक्षिण क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र, तंजावूर; (iv) पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द, उदयपुर; (v) उत्तर मध्य क्षेत्रीय सांस्कृतिक केन्द्र, इलाहाबाद; (vi) उत्तर पूर्व क्षेत्रीय सांस्कृतिक केन्द्र, दीमापुर; (vii) दक्षिण मध्य क्षेत्रीय सांस्कृतिक केन्द्र, नागपुर। विभिन्न राज्यों द्वारा उनके सांस्कृतिक संबंधों के अनुरूप एक क्षेत्रीय सांस्कृतिक केन्द से अधिक में उनकी भागीदारी इन क्षेत्रीय केन्द्रों के स्वरूप की एक अलग विशेषता है।

**3. संगीत नाटक अकादमी :** संगीत नाटक अकादमी की स्थापना प्रदर्शनकारी कलाओं के संवर्धन के उद्देश्य से 1953 में की गई थी। यह अकादमी भारतीय संगीत, नृत्य और नाटक के संवर्धन एवं विकास; प्रदर्शनकारी कलाओं में प्रशिक्षण के मानकों के अनुरक्षण; संगीत, नृत्य और नाटक के विभिन्न रूपों से संबंधित सामग्रियों को पुनर्जीवित करने, उनके परिरक्षण, प्रलेखन तथा प्रसार और उत्कृष्ट कलाकारों को सम्मानित करने के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर कार्य करती है।

**4. ललित कला अकादमी :** ललित कला अकादमी सृजनात्मक दृश्य कलाओं के क्षेत्र में कार्यकलापों के सम्पोषण तथा समन्वय और देश की सांस्कृतिक एकता का संवर्धन करने वाला एक राष्ट्रीय संगठन है।

**5. साहित्य अकादमी :** साहित्य अकादमी की स्थापना भारतीय साहित्य के विकास तथा सभी भारतीय भाषाओं में साहित्यिक कार्यकलापों के सम्पोषण और समन्वय हेतु उच्च साहित्यिक मानक निर्धारित करने और उनके माध्यम से देश की सांस्कृतिक एकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से की गई है।

**6. भारत महोत्सव :** विदेशों में भारत महोत्सव तथा पारस्परिक आधार पर अन्य देशों के महोत्सवों को भारत में आयोजित करने की शुरूआत 1982 में की गई थी जिसका उद्देश्य भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और समकालीन सृजनात्मकता को विदेशों में प्रसारित करने तथा साथ ही एक-दूसरे के देशों की निरन्तरता तथा परिवर्तन की गतिशीलता, परम्परा तथा आधुनिकता, मूल्यों और बोध की बेहतर समझ विकसित करने के लिए भारत के लोगों को दूसरे देश के जीवन, परम्परा तथा संस्कृति के दृश्य को वृहत् रूप में प्रस्तुत करना है।

अगले वित्त वर्ष अर्थात् 2005-06 के दौरान चीन में भारत महोत्सव आयोजित करने के प्रस्ताव पर विचार किया जा रहा है।

**7. इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केन्द (आई जी एन सी ए) :** आई जी एन सी ए की स्थापना पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय श्रीमती इंदिरा गांधी की स्मृति में की गई थी। इस केन्द्र की स्थापना नवम्बर, 1985 में की गई थी और बाद में इसे एक स्वायत्त न्यास बना दिया गया।

**8. राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय (एन एस डी) :** एन एस डी की स्थापना, प्रशिक्षण प्रदान करने और देश में नाट्य कला का प्रचार करने के लिए 1959 में की गई थी।

**9. राष्ट्रीय आधुनिक कला संग्रहालय :** राष्ट्रीय आधुनिक कला संग्रहालय 1857 से समकालीन और आधुनिक कला का संग्रहालय है और इसका उद्‌देश्य भारत और विदेश में प्रदर्शनियों, भाषणों, प्रकाशनों इत्यादि के माध्यम से जनसाधारण को शिक्षित करना है। इसकी शाखाएँ मुंबई और बेंगलूर में हैं।

**10. एशियाटिक सोसाइटी, कोलकाता :** एशियाटिक सोसाइटी की स्थापना 1784 में सर विलियम जोंस ने की। यह एक अद्वितीय संस्थान है, जिसने सभी साहित्यिक और वैज्ञानिक कार्यकलापों के मूलस्रोत के रूप में सेवा प्रदान की है। सरकार ने इसे राष्ट्रीय महत्व की संस्था घोषित किया है।

**11. सांस्कृतिक संसाधन और प्रशिक्षण केन्द्र (सी सी आर टी) :** सी सी आर टी संस्कृति को शिक्षा से जोड़ने के लिए एक स्वायत्त संगठन है। यह केन्द्र भारतीय शैक्षिक प्रणाली को समृद्ध बनाने के विशिष्ट उद्‌देश्य को प्राप्त करने के लिए कई प्रकार के कार्यक्रम आयोजित करता है।

**12. नृत्य, नाटक और रंगमंच मंडलियों को सहायता :** इस योजना के अंतर्गत प्रतिष्ठित स्वैच्छिक सांस्कृतिक संगठनों को देश की सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा देने के लिए वेतन अनुदान और निर्माण (प्रोडक्शन) अनुदान के रूप में सहायता दी जाती है।

**13. गांधी शांति पुरस्कार :** महात्मा गाँधी की 125वीं वर्षगांठ मनाने के भाग के तौर पर भारत सरकार ने अहिंसा और अन्य गाँधीवादी तरीकों से सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक परिवर्तन के लिए एक वार्षिक अंतर्राष्ट्रीय गाँधी शांति पुरस्कार आरंभ करने की घोषणा की थी। यह पुरस्कार भारत के माननीय प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में एक जूरी द्वारा चुने गए व्यक्ति को दिया जाता है। इस पुरस्कार में 1.00 करोड़ रु. या विदेशी मुद्रा में इसके बराबर की धनराशि, एक पट्टिका और प्रशस्ति-पत्र प्रदान किए जाते हैं।

**14. राष्ट्रीय संस्कृति कोष (एन सी एफ) :** धर्मस्व निधि अधिनियम, 1890 के अंतर्गत स्थापित एन सी एफ का उद्‌देश्य संस्कृति संबंधित प्रयासों के लिए राज्य सरकारों, सांविधिक निकायों, निजी निगमित क्षेत्र, सोसाइटियों, व्यक्तियों और यहाँ तक कि संयुक्त राष्ट्र और इसके सहयोगी निकायों से वित्तीय सहायता प्राप्त करना है। इसके लिए भारत सरकार द्वारा कॉर्पस योगदान की व्यवस्था है।

**17. लाल बहादुर शास्त्री जन्म शताब्दी समारोह :** 2 अक्टूबर, 2004 से लाल बहादुर शास्त्री की जन्म शताब्दी मनाने के लिए भारत के माननीय प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में एक राष्ट्रीय समिति का गठन किया गया है जो इस समारोह को मनाने के लिए कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार करेगी।

**18. राष्ट्रीय पांडुलिपि मिशन :** राष्ट्रीय पांडुलिपि मिशन की स्थापना फरवरी, 2003 में की गई थी। इस मिशन का उद्‌देश्य पूरे देश से अमूल्य पांडुलिपियों की तालिका तैयार करना, उन्हें संरक्षित करना और उनका संग्रह करना है। मिशन ने पांडुलिपि संसाधन केन्द्रों और संरक्षण केन्द्रों का एक नेटवर्क पहले ही तैयार कर लिया है।

**19. भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण :** भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण की स्थापना देश में पुरातत्व-विषयक अवशेषों के सर्वेक्षण और उनके अध्ययन के मूल उद्‌देश्य के साथ वर्ष 1861 में की गई थी। इसके मुख्य कार्य हैं:- केन्द्रीय संरक्षित स्मारकों और स्थलों का परिरक्षण और पर्यावरणीय विकास, स्मारकों और पुरावस्तुओं का रासायनिक उपचार और परिरक्षण, प्राचीन स्थलों की खोज और उत्खनन, शिलालेख और भारतीय वास्तुकला के विभिन्न चरणों का विशेष अध्ययन, पुरातत्व संग्रहालयों का अनुरक्षण, पुरावस्तु और कलाकोश अधिनियम, 1972 का संचालन तथा पुरातत्व के विभिन्न क्षेत्रों में अनुसंधान और प्रशिक्षण।

**20. भारतीय राष्ट्रीय अभिलेखागार** : भारतीय राष्ट्रीय अभिलेखागार भारत सरकार के मंत्रियों और विभागों से संबंधित स्थायी मूल्य के गैर-प्रचलित अभिलेखों का केन्द्रीय संग्रह है। यह प्रख्यात भारतीयों के निजी दस्तावेज तथा विदेश से भारतीय हित के अभिलेखों की माइक्रोफिल्म प्रतियों का अर्जन और परिरक्षण करता है। यह ऐतिहासिक खोज हेतु सुविधाएं प्रदान करता है तथा अभिलेखीय अध्ययन विद्यालय जो इस क्षेत्र में अनेक पाठ्यक्रम चलाता है, के माध्यम से वैज्ञानिक तरीकों पर देश में अभिलेखीय देख-रेख का संवर्धन करता है। भोपाल में इसका क्षेत्रीय कार्यालय है तथा जयपुर, पांडिचेरी और भुवनेश्वर में इसके अभिलेख केन्द हैं।

**21. राष्ट्रीय संग्रहालय :** संस्कृति मंत्रालय के अंतर्गत एक अधीनस्थ, वर्ष 1949 में स्थापित यह देश का एक प्रमुख संग्रहालय है।

**22. राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय परिषद :** राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय परिषद प्रदर्शनियाँ और सेमिनार विज्ञान शिक्षकों, छात्रों, युवा ठेकेदारों, तकनीशियनों आदि के लिए आयोजित करके विज्ञान और प्रौद्योगिकी को लोकप्रिय बनाना है। कोलकाता, बैंगलोर, मुबंई और दिल्ली में परिषद के संग्रहालय/केन्द्र हैं; इसके अलावा, कुछ अन्य जगहों पर लघु केन्द्र भी हैं। यह पूरे देश में विज्ञान केन्द्र विकसित कर रहा है।

**24. भारतीय मानव विज्ञान सर्वेक्षण :** वर्ष 1945 में स्थापित, यह भारत की जनसंख्या पर जीव-सांस्कृतिक खोज संचालित करता है, भारतीय जनता के बारे में वैज्ञानिक महत्व के दस्तावेजों का संग्रह और परिरक्षण करता है।

**25. नेहरू स्मारक संग्रहालय और पुस्तकालय, नई दिल्ली :** यह संग्रहालय पुस्तकों, समाचार-पत्रों, अप्रकाशित संदर्भों, निजी दस्तावेजों, फोटो, फिल्म दृश्यों के संग्रह और पंडित जवाहर लाल नेहरू से संबंधित महत्वपूर्ण दस्तावेजों के अनुवाद के लिए उत्तरदायी है। यह आधुनिक भारत के राष्ट्रीय नेताओं के दस्तावेजों के परिरक्षण के लिए भी उत्तरदायी है।

**26. भारतीय संग्रहालय :** भारतीय संग्रहालय, संस्कृति मंत्रालय का एक स्वायत्त संगठन, होने के साथ-साथ दीर्घाओं के पुनः संगठन और जीर्णोद्धार तथा नृजातीय नमूने और तकनीकी-सामाजिक एवं आर्थिक सांस्कृतिक डाटा प्राप्त करने का कार्य भी कर रहा है। इसके अंदर पुरावस्तुओं और मूर्तिकलाओं के प्राचीन संग्रह की बहुत बड़ी संख्या मौजूद है।

**27. सालारजंग संग्रहालय :** यह ऐतिहासिक महत्व के कलावस्तुओं के संरक्षण, परिरक्षण, अर्जन तथा शैक्षिक कार्यकलापों जैसे प्रदर्शनियाँ, लोकप्रिय व्याख्यानों, दीर्घा चर्चाओं, सेमिनारों आदि में लगा हुआ है।

**28. इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय (आई जी आर एम एस), भोपालः** आई जी आर एम एस की एक विकासशील आन्दोलन के रूप में परिकल्पना की गई है जिसका उद्‌देश्य भारत के विशेष संदर्भ में मानव के जैव एवं सांस्कृतिक विकास को दर्शाते हुए काल और स्थान में मानव जाति के इतिहास को चित्रित करना तथा देश के जीवन्त संग्रहालय को उसकी संस्कृतियों के विविध रूप तथा सामुदायिक ज्ञान प्रणालियों को पुनः अनुप्रमाणित करना है।

**29. अन्य कार्यक्रम :** यह कोलकाता के विक्टोरिया मेमोरियल हॉल, जो एक स्वायत्तशासी संगठन है तथा स्वतंत्रता संग्राम के कला इतिहास को दर्शाने वाली कलावधि से सम्बंधित समकालीन कला का एक निधान है, के लिए प्रावधान करता है। सांस्कृतिक सम्पदा के संरक्षण के तरीकों में अनुसंधान करने, संग्रहालयों, पुरातात्विक विभागों और अन्यों को तकनीकी सहायता प्रदान करने के लिए वर्ष 1976 में राष्ट्रीय सांस्कृतिक सम्पदा संरक्षक अनुसंधान प्रयोगशाला, जो एक अधीनस्थ कार्यालय है, की स्थापना की गई।

**30. राष्ट्रीय पुस्तकालय, कोलकाता :** यह ऐसी सभी पठनीय और सूचनाप्रद सामग्रियों के एक प्रमुख निधान के रूप में कार्य करता है जो भारत में तथा भारत के सम्बंध में विदेशों में तैयार की गई। इसके पास फारसी, संस्कृत, अरबी और तमिल पाण्डुलिपियों तथा दुर्लभ पुस्तकों का भी एक समृद्ध संग्रह है। यह पुस्तक एवं समाचार-पत्र (सार्वजनिक पुस्तकालय) वितरण अधिनियम, 1954 के अंतर्गत आदाता पुस्तकालय है तथा दक्षिण एशिया का निधान पुस्तकालय है।

**31. दिल्ली पब्लिक लाइब्रेरी :** 1951 में स्थापित यह पुस्तकालय, दिल्ली के नागरिकों को निःशुल्क पुस्तकालय सेवाएँ उपलब्ध कराता आ रहा है। यह पुस्तक एवं समाचार-पत्र (सार्वजनिक पुस्तकालय) वितरण अधिनियम, 1954 के अंतर्गत एक आदाता पुस्तकालय है।

**32. राजा राममोहन राय पुस्तकालय प्रतिष्ठान, कोलकाता :** 1972 में स्थापित इस प्रतिष्ठान का उद्‌देश्य पर्याप्त पुस्तकालय सेवाएँ प्रदान कर तथा पूरे देश में पढ़ने की आदत का विकास कर देश में सार्वजनिक पुस्तकालय आंदोलन का प्रचार प्रसार और सहायता करना है।

**33. अन्य पुस्तकालय :** इनमें कोलकाता केन्द्रीय सन्दर्भ पुस्तकालय, मुम्बई का केन्द्रीय पुस्तकालय, पटना स्थित खुदा बख्श ओरएिन्टल सार्वजनिक पुस्तकालय, जो लगभग 100 वर्ष पुराना है तथा जिसके पास पुरानी और दुर्लभ पुस्तकों और पाण्डुलिपियों का एक समृद्ध संग्रह है, तंजावुर का रामपुर रज़ा पुस्तकालय,, तंजावुर महाराजा सरफोजी की सरस्वती महल पुस्तकालय सोसायटी, तंजावुर, तथा चेन्नई की कोन्नेमेरा पुस्तकालय, आदि शामिल हैं।

**34. पूर्वोत्तर क्षेत्र और सिक्किम की परियोजनाओं/स्कीमों के लिए एकमुश्त प्रावधानः** इसका प्रावधान पूर्वोत्तर क्षेत्र ओर सिक्किम के लिए बनी परियोजनाओं/स्कीमों के कार्यान्वयन के लिए किया गया है।